केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.

******

दिनांक: 17.07.2017

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/223

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00216
CICOM/R/2017/00594

अपीलकर्ता : श्री अशोक कुमार,
32/43-ए, गली नं. 10,
भीकम सिंह कालोनी, विश्वासनगर,
शाहदरा, दिल्ली – 32.

निर्णय की तारीख : 17.07.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 03.05.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 26.05.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री एस. एस. रोहिल्ला |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 07.07.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 146643/07.07.2017 |

1. अपीलकर्ता ने अपने दिनांक 03.05.2017 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आयोग को भेजे अपने दिनांक 14.07.2016 के पत्र पर की गई कार्यवाही एवं जारी किए गए आदेश से संबंधित सूचनाएं मांगी थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री एस.एस.रोहिल्ला, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल किया है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के दिनांक 03.05.2017 के आर.टी.आई. आवेदन से संबंधित अपने दिनांक 26.05.2017 के प्रतिउत्तर में श्री एस. एस. रोहिल्ला ने अपीलकर्ता को सूचित किया है कि अपीलकर्ता का दिनांक 14.07.2016 का पत्र द्वितीय अपील सं. CIC/DEPOL/A/2016/292796 के तहत रजिस्टर्ड हो गया है एवं समयानुसार सुनवाई की जाएगी । इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि द्वितीय अपील पर आदेश सुनवाई के बाद ही जारी किया जाता है । अतः श्री एस. एस. रोहिल्ला, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना बिल्कुल तर्कसंगत है एवं इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/C

प्रतिलिपि :

1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

17/7/17

C. I. C./के. सू. आ.
RECEIVED
17 JUL 2017
D. No. Swati
Initials